तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.06.26	पत्रावली पेश हुई।	

प्रार्थीगण अधिवक्ता उपस्थित ।

तहसीलदार सिवाना से मौका रिपोर्ट प्राप्त।

प्रार्थना पत्र पर प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस सुनी गई।

प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस है की प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि पुराना खसरा संख्या 53 रकबा 4.3544 हैक्टेयर सर्वे रिसर्वे के पश्चात नवीन खसरा संख्या 14 रकबा 3.6949 हैक्टेयर भूमि ग्राम रेलो की सरा तहसील सिवाना में अवस्थित है। सर्वे रिसर्वे के दौरान राजस्व कर्मचारियों ने त्रुटिवश नवीन खसरा संख्या 14 की तरमीम पुराने खसरा संख्या 53 के रकबे अनुसार नहीं कर कम रकबा 3.6949 हैक्टेयर राजस्व रेकर्ड लटठा ट्रेस में दर्शा दिया गया, प्रार्थी ने खसरा संख्या 53 का रकबा पूर्वानुसार राजस्व रेकर्ड के लट्ठा ट्रेस में तरमीम किये जाने हेतु निवेदन किया ।

हमने प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस सुनी तथा तहसीलदार सिवाना द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट का गंभीरता से अवलोकन एवं मनन किया। तहसीलदार सिवाना के रिपोर्ट अनुसार मौका एवं रेकर्ड अनुसार प्रार्थीगण के खसरे का ग्रिड में विचलन होने के कारण तरमीम में विचलन दर्शित हो रहा है। तहसीलदार सिवाना ने कोई संशोधन किया जाना अपेक्षित नहीं बताया है।

लिहाजा प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र तहसीलदार सिवाना द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट के आधार अस्वीकार किया जाकर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। खर्चो पक्षकारन अपना–अपना वहन करे।

आदेश आज दिनांक 04.06.2026 को सरे इजलास सुना गया ।

उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)